कन्याके सप्तपदीके वचनके उपरान्त वर एक वचन कहता है, जो अत्यन्त महत्त्वपूर्ण एवं मननीय है। वर कहता है—

मदीयचित्तानुगतञ्च चित्तं सदा मदाज्ञापरिपालनं च।
पतिव्रताधर्मपरायणा त्वं कुर्याः सदा सर्वमिदं प्रयत्नम्॥

मेरे चित्तके अनुसार तुम्हारा चित्त होना चाहिये। तुम्हें मेरी आज्ञाका सदा पालन करना चाहिये। पातिव्रतका पालन करती हुई धर्मपरायण बनो, यह तुम्हें प्रयत्नपूर्वक करना चाहिये।

जलाभिषेक—

तदनन्तर अग्निके पश्चिम बैठकर दृढ़ पुरुषके कन्धेपर रखे हुए घड़ेसे आम्रपल्लवद्वारा जल लेकर वर वधूके मस्तकपर निम्न मन्त्रसे जल छिड़के—

ॐ आपः शिवाः शिवतमाः शान्ताः शान्ततमास्तास्ते कृण्वन्तु भेषजम्॥

पुनः कुम्भसे जल लेकर निम्न मन्त्रसे अपने ऊपर जल छिड़के।

ॐ आपो हि ष्ठा मयोभुवस्ता न ऊर्जे दधातन। महे रणाय चक्षसे॥ १ ॥

ॐ यो वः शिवतमो रसस्तस्य भाजयतेह नः। उशतीरिव मातरः॥ २ ॥

ॐ तस्माऽअरङ्गमाम वो यस्य क्षयाय जिन्वथ। आपो जनयथा च नः॥ ३ ॥

सूर्यदर्शन—

यदि दिनका विवाह हो तो वर वधूसे कहे कि तुम सूर्यको देखो, क्योंकि यह तुम्हारे विवाहका साक्षी है—**सूर्यमुदीक्षस्व।** तदनन्तर वर-वधू दोनों सूर्यके अभिमुख खड़े होकर निम्न मन्त्रको पढ़ते हुए हाथमें पुष्प लेकर सूर्यका दर्शन करें—

ॐ तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत्। पश्येम शरदः शतं

जीवेम शरदः शत ँ शृणुयाम शरदः शतं प्र ब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात्॥

और पुष्प छोड़ दें।

ध्रुवदर्शन—

यदि सूर्य अस्त हो गया हो तो रात्रिके विवाहमें वर वधूसे कहे—**ध्रुवमुदीक्षस्व।**

वधू कहे—**ध्रुवं पश्यामि।**

तदनन्तर वर भी ध्रुवको देखते हुए निम्न मन्त्र पढ़े—

ॐ ध्रुवमसि ध्रुवं त्वा पश्यामि ध्रुवैधि पोष्ये मयि। मह्यं त्वाऽदात् बृहस्पतिर्मया पत्या प्रजावती सञ्जीव शरदः शतम्॥

यहाँ वधूको ध्रुव चाहे दिखता न भी हो, परंतु यही कहे कि मैं ध्रुवको देखती हूँ अर्थात् मनसे ध्रुवका ध्यान करती हूँ।

हृदयालम्भन—

इसके बाद वर वधूके दाहिने कन्धेपरसे हाथ ले जाकर वधूके हृदयका स्पर्श करता हुआ निम्न मन्त्रका उच्चारण करे—

ॐ मम व्रते ते हृदयं दधामि मम चित्तमनु चित्तं तेऽ अस्तु। मम वाचमेकमना जुषस्व। प्रजापतिष्ट्वा नियुनक्तु मह्यम्॥

सुमंगली (सिन्दूरदान)—

आचार है कि वरका पिता पुरोहितको दक्षिणा देकर उनसे सिन्दूर ग्रहणकर कुलदेवताके लिये उसमेंसे सिन्दूर निकाले और '**कुलदेवेभ्यो नमः**' कहकर समर्पित करे, इसके बाद वर सिन्दूर लेकर गणेशजीको चढ़ाकर अनामिका अँगुलीका अग्रभाग वधूकी माँगमें रखकर अभिमन्त्रण करे और अनामिका अँगुलीसे वधूके माँगमें सिन्दूर छोड़े। उस समय पठनीय मन्त्र है—

ॐ सुमङ्गलीरियं वधूरिमाᳬ समेत पश्यत। सौभाग्यमस्यै दत्त्वा

याथाऽस्तं विपरेत न॥

सिन्दूरकरण (माँग बहोरन)—

इसके बाद वधूको वरके बाँयी ओर बैठाये[१] और सौभाग्यवती स्त्रियाँ फिरसे अच्छी तरह वधूके माँगमें सिन्दूर पहिरावें।[२] इसीको '**सिन्दूर बहोरन**' या '**माँग बहोरन**' कहते हैं।

ग्रन्थिबन्धन—

इसके बाद पुरोहित वधूके उत्तरीयमें फल, अक्षत, पुष्प, द्रव्य आदि बाँधकर वरके उत्तरीयसे ग्रन्थिबन्धन करे।

गुप्तागारगमन—

तदनन्तर वर और वधू गुप्तागार (कोहबर)-में जायँ, वहाँ आसनपर बैठें तथा वर निम्न मन्त्र पढ़े—

ॐ इह गावो निषीदन्त्विहाश्वा ऽ इह पूरुषाः। इहो सहस्त्रदक्षिणो यज्ञऽ इह पूषा निषीदतु॥

स्विष्टकृत्‌हवन—

वर-वधू पुनः मण्डपमें आयें और स्विष्टकृत् आहुति अग्निमें प्रदान करें। यह आहुति ब्रह्मासे सम्बन्ध रखकर की जाती है।

ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा, इदमग्नये स्विष्टकृते न मम।

संस्त्रवप्राशन—

प्रोक्षणीमें छोड़े गये घृतका प्राशनकर आचमन करे, हाथ धो ले।

मार्जन—

पवित्रीको लेकर निम्न मन्त्रसे प्रणीताके जलसे सिरपर मार्जन करे—

---

१. वामे सिन्दूरदाने च वामे चैव द्विरागमे। वामभागे च शय्यायां नामकर्म तथैव च॥
शान्तिकेषु च सर्वेषु प्रतिष्ठोद्यापनादिषु। वामे ह्युपविशेत् पत्नी व्याघ्राय वचनं यथा॥

२. पतिपुत्रान्विता भव्याश्चतस्त्रः सुभगाः स्त्रियः। सौभाग्यमस्यै दद्युस्ता मङ्गलाचारपूर्वकम्॥
पतिपुत्रवती नारी सुरूपगुणशालिनी। अविच्छिन्नप्रजा साध्वी सदया सा सुमङ्गली॥

ॐ सुमित्रिया न आप ओषधयः सन्तु।

निम्न मन्त्रसे जल नीचे छोड़े—

ॐ दुर्मित्रियास्तस्मै सन्तु योऽस्मान्द्वेष्टि यंच वयं द्विष्मः।

पवित्रप्रतिपत्ति—

इसके बाद उस पवित्रीको अग्निमें छोड़ दे।

पूर्णपात्रदान—

ब्रह्माको देनेके लिये निम्न संकल्पवाक्यसे पूर्णपात्र-दानका संकल्प करे—

ॐ अद्य कृतैतद्विवाहहोमकर्मणि कृताऽकृतावेक्षणरूपकर्म-प्रतिष्ठार्थम् इदं पूर्णपात्रं सदक्षिणाकं प्रजापतिदैवतं ....गोत्राय ....शर्मणे ब्राह्मणाय भवते सम्प्रददे।

ब्रह्मा उसे लेकर कहे—**स्वस्ति।**

प्रणीताविमोक—

तदनन्तर अग्निके पश्चिम या ईशानकोणमें प्रणीतापात्रको उलटकर रख दे।

मार्जन—

इसके बाद उपयमन कुशाद्वारा उलटकर रखे गये प्रणीताके जलसे निम्न मन्त्रसे मार्जन करे—

ॐ आपः शिवाः शिवतमाः शान्ताः शान्ततमास्तास्ते कृण्वन्तु भेषजम्।

उपयमन कुशोंको अग्निमें छोड़ दे।

बर्हिहोम—

इसके बाद जिस क्रमसे कुशकण्डिकाके समय कुशाएँ रखी गयी थीं, उसी क्रमसे उठाकर घीमें भिगोकर निम्न मन्त्रसे अग्निमें छोड़ दे—

ॐ देवा गातुविदो गातुं वित्त्वा गातुमित। मनसस्पत इमं देव यज्ञ(ँ) स्वाहा वाते धाः॥ स्वाहा।

त्र्यायुष्करण—

होमकी भस्मको स्रुवेसे उठाकर दाहिने हाथकी अनामिकासे निम्न मन्त्रोंका उच्चारणकर भस्म लगाये—

ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेः—ललाटमें भस्म लगाये।

ॐ कश्यपस्य त्र्यायुषम्—ग्रीवामें लगाये।

यद्देवेषु त्र्यायुषम्—दाहिने कन्धेपर लगाये।

तन्नो अस्तु त्र्यायुषम्—हृदयमें भस्म लगाये।

अभिषेक—

इसके बाद आचार्य स्थापित दृढ़ पुरुषके कलशके जलसे दूर्वा-कुश अथवा पंचपल्लवसे निम्न मन्त्रोंद्वारा वर-वधूका अभिषेक करे—

ॐ देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम्। सरस्वत्यै वाचो यन्तुर्यन्त्रिये दधामि बृहस्पतेष्ट्वा साम्राज्येनाभिषिञ्चाम्यसौ॥ १॥

ॐ देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम्। सरस्वत्यै वाचो यन्तुर्यन्त्रेणाग्नेः साम्राज्येनाभिषिञ्चामि॥ २॥

ॐ देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम्। अश्विनोर्भैषज्येन तेजसे ब्रह्मवर्चसायाभि षिञ्चामि सरस्वत्यै भैषज्येन वीर्यायान्नाद्यायाभिषिञ्चामीन्द्रस्येन्द्रियेण बलाय श्रियै यशसेऽभि षिञ्चामि॥ ३॥

गणाधिपो भानुशशी धरासुतो बुधो गुरुर्भार्गवसूर्यनन्दनौ।
राहुश्च केतुप्रभृतिर्नवग्रहाः कुर्वन्तु वः पूर्णमनोरथं सदा॥ १॥
उपेन्द्र इन्द्रो वरुणो हुताशनो धर्मो यमो वायुहरिश्चतुर्भुजः।
गन्धर्वयक्षोरगसिद्धचारणाः कुर्वन्तु वः पूर्णमनोरथं सदा॥ २॥
नलो दधीचिः सगरः पुरूरवाः शाकुन्तलेयो भरतो धनञ्जयः।
रामत्रयं वैन्यबलिर्युधिष्ठिरः कुर्वन्तु वः पूर्णमनोरथं सदा॥ ३॥

मनुर्मरीचिर्भृगुदक्षनारदाः पराशरो व्यासवसिष्ठभार्गवाः।
वाल्मीकिकुम्भोद्भवगर्गगौतमाः कुर्वन्तु वः पूर्णमनोरथं सदा॥ ४॥
रम्भा शची सत्यवती च देवकी गौरी च लक्ष्मीरदितिश्च रुक्मिणी।
कूर्मो गजेन्द्रः सचराचरा धरा कुर्वन्तु वः पूर्णमनोरथं सदा॥ ५॥
गङ्गा च क्षिप्रा यमुना सरस्वती गोदावरी वेत्रवती च नर्मदा।
सा चन्द्रभागा वरुणा असी नदी कुर्वन्तु वः पूर्णमनोरथं सदा॥ ६॥
तुङ्गप्रभासो गुरुचक्रपुष्करं गयाविमुक्तो बदरी बटेश्वरः।
केदारपम्पाशरनैमिषारकं कुर्वन्तु वः पूर्णमनोरथं सदा॥ ७॥
शङ्खश्च दूर्वा सितपत्रचामरं मणिः प्रदीपो वररत्नकाञ्चनम्।
सम्पूर्णकुम्भैः सहितो हुताशनः कुर्वन्तु वः पूर्णमनोरथं सदा॥ ८॥
प्रयाणकाले यदि वा सुमङ्गले प्रभातकाले च नृपाभिषेचने।
धर्मार्थकामाय नरस्य भाषितं व्यासेन सम्प्रोक्तमनोरथं सदा॥ ९॥

दूर्वाक्षतारोपण—

अन्य स्त्री-पुरुष पुष्प या लावा हाथमें लेकर आचार्यके द्वारा कहे जाते हुए मन्त्रोंके अन्तमें आशीर्वाद वचनपूर्वक वधू और वरके ऊपर पुष्प या लावा छोड़ें।

इसके बाद आचार्य वर-वधूको तिलक लगाये। देशाचारसे नीराजन करे और वरके पिता आदि वधूकी गोद भरें।

गणेशादि आवाहित देवोंका पूजन—

वर-वधू संकल्पपूर्वक संक्षेपमें गणेश आदि आवाहित देवताओंकी पूजा करें।

आचार्यदक्षिणा—

इसके बाद आचार्यको दक्षिणा देनेके लिये निम्न संकल्पवाक्य बोले—

ॐ अद्य कृतैतद्विवाहकर्मणः साङ्गतासिद्ध्यर्थं आचार्याय मनसोद्दिष्टां दक्षिणां दातुमहमुत्सृज्ये।

ब्राह्मणभोजनसंकल्प—

ब्राह्मणभोजन करानेके लिये संकल्प करे।

ॐ अद्य कृतस्य विवाहकर्मणः साङ्गतासिद्ध्यर्थं यथासंख्याकान् ब्राह्मणान् भोजयिष्ये।

भूयसी दक्षिणा—

इसके बाद भूयसी दक्षिणाका संकल्प करे—

ॐ अद्य कृतैतद्विवाहकर्मणः साङ्गतासिद्ध्यर्थं तन्मध्ये न्यूनातिरिक्तदोषपरिहारार्थं नानानामगोत्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो भूयसीं दक्षिणां विभज्य दातुमहमुत्सृज्ये।

विष्णुस्मरण—

इसके अनन्तर वर हाथमें अक्षत-पुष्प लेकर आवाहित देवताओंका विसर्जनकर निम्न मन्त्रसे विष्णुका स्मरण करे—

प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्।
स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः॥
यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञक्रियादिषु।
न्यूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम्॥
ॐ विष्णवे नमः, ॐ विष्णवे नमः, ॐ विष्णवे नमः।

****

वर-वधूके तीन रात पालनीय नियम—

१-विवाहके बाद तीन दिनतक क्षार तथा लवणरहित भोजन करें।*

२-भूमिपर शयन करें।

३-एक साथ शयन न करें।

॥ विवाहप्रयोग पूर्ण हुआ॥

* गोक्षीरं गोघृतं चैव धान्यं मुद्गास्तिला यवाः। अक्षारलवणा ह्येते क्षाराश्चान्ये प्रकीर्तिताः॥

चतुर्थीकर्म

विवाहके अनन्तर चतुर्थी–होमकर्म आवश्यक कर्म बताया गया है, जो विवाहसंस्कारका महत्त्वपूर्ण अंग है। चतुर्थीकर्मके प्रयोजनमें बताया गया है कि कन्याके देहमें चौरासी दोष होते हैं, उन दोषोंकी निवृत्तिके लिये प्रायश्चित्तस्वरूप चतुर्थीकर्म किया जाता है—

चतुरशीति दोषाणि कन्यादेहे तु यानि वै।
प्रायश्चित्तकरं तेषां चतुर्थी कर्म ह्याचरेत्॥

(मार्कण्डेय)

चतुर्थीकर्मसे सोम, गन्धर्व तथा अग्निद्वारा कन्याभुक्त दोषका परिहार हो जाता है। हारीतऋषिने बताया है कि जो कन्या चतुर्थी–कर्म करती है, वह सदा सुखी रहती है, धनधान्यकी वृद्धि करनेवाली होती है और पुत्र–पौत्रकी समृद्धि देनेवाली होती है। शास्त्रमें यह भी बताया गया है कि चतुर्थीकर्म न करनेसे वन्ध्यात्व और वैधव्य दोष आता है। चतुर्थीकर्मसे पूर्व उसका पूर्ण भार्यात्व भी नहीं होता है। कहा भी गया है कि जबतक विवाह नहीं होता है, उसकी कन्या संज्ञा होती है, कन्यादानके अनन्तर वह वधू कहलाती है, पाणिग्रहण होनेपर पत्नी होती है और चतुर्थीकर्म होनेपर भार्या कहलाती है—

अप्रदानात् भवेत्कन्या प्रदानानन्तरं वधूः।
पाणिग्रहे तु पत्नी स्याद् भार्या चातुर्थिकर्मणि॥

विवाह निवृत्त होनेपर चौथे दिन रात्रिमें पतिके देह, गोत्र और सूतकमें स्त्रीकी एकता हो जाती है—

विवाहे चैव निवृत्ते चतुर्थेऽहनि रात्रिषु।
एकत्वमागता भर्तुः पिण्डे गोत्रे च सूतके॥

(भवदेवभट्टधृत मनु)

चतुर्थी होमके मन्त्रोंसे त्वचा, मांस, हृदय और इन्द्रियोंके द्वारा पत्नीका पतिसे संयोग होता है, इसीसे वह पतिगोत्रा हो जाती है—

चतुर्थीहोममन्त्रेण　　त्वङ्मांसहृदयेन्द्रियैः।
भर्त्रा संयुज्यते पत्नी तद्गोत्रा तेन सा भवेत्॥

(बृहस्पति)

अतः विवाह दिनसे चौथे दिन रात्रिमें अर्धरात्रि बीत जानेपर यह कर्म करना चाहिये अथवा अशक्त होनेपर अपकर्षण करके विवाहके अनन्तर उसी दिन रात्रिमें उसी विवाहाग्निमें विना कुशकण्डिका किये यह कर्म किया जा सकता है।

चतुर्थीकर्म-प्रयोग

वर-वधू मंगल स्नान करके पवित्र वस्त्र धारणकर पूर्वाभिमुख हो आसनपर बैठ जायँ। वधूको अपने दक्षिण भागमें बैठा ले। आचमन, प्राणायाम आदि करके गणेशादि देवोंका स्मरणकर हाथमें कुशाक्षत-जल लेकर निम्न प्रतिज्ञा-संकल्प करे—

ॐ अद्य अस्या मम पत्न्याः सोमगन्धर्वाग्न्युपभुक्तत्व-दोषपरिहारद्वारा श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं विवाहाङ्गभूतं चतुर्थीहोमं करिष्ये।

कहकर संकल्प-जल छोड़ दे।

एक वेदीका निर्माणकर उसके पंचभूसंस्कार कर ले तथा शिखि नामक अग्नि स्थापितकर यथाविधि कुशकण्डिका सम्पादित करे। चरु (खीर)-का पाक बना ले। ब्रह्मा-आचार्यका वरणकर अग्निके दक्षिण तरफ ब्रह्माको बैठाकर उत्तरकी ओर एक जलपात्रका स्थापन करे, तदनन्तर निम्न मन्त्रोंसे घीसे हवन करे, आहुतिके अनन्तर स्रुवमें बचे घीको प्रोक्षणीपात्रमें छोड़ता जाय।

आघाराज्यहोम

ॐ प्रजापतये (यह मनसे ही कहे) **स्वाहा, इदं प्रजापतये न मम।**

ॐ इन्द्राय स्वाहा, इदमिन्द्राय न मम।

ॐ अग्नये स्वाहा, इदमग्नये न मम।

ॐ सोमाय स्वाहा, इदं सोमाय न मम।

प्रधान-होम

घीसे निम्न पाँच आहुतियाँ दे। आहुतियोंको देनेके बाद स्रुवमें बचा हुआ घी उत्तर दिशा में स्थापित जलपात्रमें छोड़े, प्रोक्षणीपात्रमें नहीं—

ॐ अग्ने प्रायश्चित्ते त्वं देवानां प्रायश्चित्तिरसि ब्राह्मणस्त्वा नाथकाम उपधावामि यास्यै पतिघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहा। इदमग्नये न मम॥ १ ॥

ॐ वायो प्रायश्चित्ते त्वं देवानां प्रायश्चित्तिरसि ब्राह्मणस्त्वा नाथकाम उपधावामि यास्यै प्रजाघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहा। इदं वायवे न मम॥ २ ॥

ॐ सूर्य प्रायश्चित्ते त्वं देवानां प्रायश्चित्तिरसि ब्राह्मणस्त्वा नाथकाम उपधावामि यास्यै पशुघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहा। इदं सूर्याय न मम॥ ३ ॥

ॐ चन्द्र प्रायश्चित्ते त्वं देवानां प्रायश्चित्तिरसि ब्राह्मणस्त्वा नाथकाम उपधावामि यास्यै गृहघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहा। इदं चन्द्राय न मम॥ ४ ॥

ॐ गन्धर्व प्रायश्चित्ते त्वं देवानां प्रायश्चित्तिरसि ब्राह्मणस्त्वा नाथकाम उपधावामि यास्यै यशोघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहा, इदं गन्धर्वाय न मम॥ ५ ॥

इसके बाद स्थालीपाक चरु (खीर) से हवन करे, खीरमें थोड़ा घी छोड़ दे—

ॐ प्रजापतये स्वाहा, इदं प्रजापतये न मम, यह मनसे कहे। बचा चरु एवं घी जलपात्रमें छोड़े।

इसके बाद घी और स्थालीपाक (चरु)-से स्विष्टकृत् हवन करे—

ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा, इदमग्नये स्विष्टकृते न मम।

नवाहुति

पुनः घीसे हवन करे, प्रत्येक आहुतिसे बचा घी प्रोक्षणीपात्रमें छोड़ता जाय—

ॐ भूः स्वाहा, इदमग्नये न मम।

ॐ भुवः स्वाहा, इदं वायवे न मम।

ॐ स्वः स्वाहा, इदं सूर्याय न मम।

ॐ त्वं नो अग्ने वरुणस्य विद्वान् देवस्य हेडो अव यासिसीष्ठाः। यजिष्ठो वह्नितमः शोशुचानो विश्वा द्वेषाꣳसि प्र मुमुग्ध्यस्मत्स्वाहा॥

इदमग्नीवरुणाभ्यां न मम॥ १॥

ॐ स त्वं नो अग्नेऽवमो भवोती नेदिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ। अव यक्ष्व नो वरुणꣳरराणो वीहि मृडीकꣳ सुहवो न एधि स्वाहा॥

इदमग्नीवरुणाभ्यां न मम॥ २॥

ॐ अयाश्चाग्नेऽस्यनभिशस्तिपाश्च सत्यमित्वमया असि। अया नो यज्ञं वहास्यया नो धेहि भेषजꣳ स्वाहा॥

इदमग्नये ऽयसे न मम॥ ३॥

ॐ ये ते शतं वरुण ये सहस्रं यज्ञियाः पाशा वितता महान्तः। तेभिर्नो ऽअद्य सवितोत विष्णुर्विश्वे मुञ्चन्तु मरुतः स्वर्काः स्वाहा॥

इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यश्च न मम॥ ४॥

ॐ उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं वि मध्यमꣳ श्रथाय। अथा वयमादित्य व्रते तवानागसोऽअदितये स्याम स्वाहा॥

इदं वरुणायादित्यायादितये न मम॥ ५॥

ये प्रायश्चित्तसंज्ञक हवन हैं।

ॐ प्रजापतये (यह मनमें कहे) **स्वाहा, इदं प्रजापतये न मम।**

यह प्राजापत्यसंज्ञक हवन है।

संस्रवप्राशन—

इसके बाद प्रोक्षणीपात्रमें पड़े घीका प्राशनकर आचमन करे, फिर हाथ धो ले।

मार्जन—

पवित्रीसे प्रणीताके जलसे निम्न मन्त्र पढ़ते हुए मार्जन करे—

ॐ सुमित्रिया न आप ओषधयः सन्तु।

पवित्रीको अग्निमें छोड़ दे।

पूर्णपात्रदान—

इसके बाद ब्रह्माको पूर्णपात्रदान करनेके लिये हाथमें जल-अक्षत लेकर निम्न संकल्प करे—

ॐ अस्यां रात्रौ कृतैतच्चतुर्थीहोमकर्मणि कृताकृतावेक्षणरूप-ब्रह्मकर्मप्रतिष्ठार्थमिदं सदक्षिणाकं पूर्णपात्रं प्रजापतिदैवतम् ....गोत्राय....शर्मणे ब्राह्मणाय दक्षिणात्वेन तुभ्यमहं सम्प्रददे।

ब्रह्माको दक्षिणासहित पूर्णपात्र दे।

ब्रह्मा कहे—**स्वस्ति।**

प्रणीताविमोक—

ईशानकोणमें प्रणीतापात्रको उलट दे और उपयमन कुशोंको अग्निमें छोड़ दे।

बर्हिहोम—

इसके बाद जिस क्रमसे कुश बिछाये गये थे, उसी क्रमसे उठाकर घीसे भिगोकर हाथसे ही निम्न मन्त्रसे अग्निमें हवन कर दे—

ॐ देवा गातुविदो गातु वित्त्वा गातुमित। मनसस्पत इमं देव यज्ञꣳ स्वाहा वाते धाः स्वाहा॥

कुशमें लगी ब्रह्मग्रन्थि खोल दे।

अभिषेक—

इसके बाद वरुण कलशसे किसी पात्रमें जल देकर आम्रपल्लवसे वर वधूके सिरपर निम्न मन्त्रसे अभिषेक करे—

ॐ या ते पतिघ्नी प्रजाघ्नी पशुघ्नी गृहघ्नी यशोघ्नी निन्दिता तनूः। जारघ्नीं ततऽ एनां करोमि। सा जीर्य त्वं मया सह श्री अमुकि देवि।

स्थालीपाक (चरु-खीरका) प्राशन—

तदनन्तर निम्न चार मन्त्रोंद्वारा वर वधूको स्थालीपाक (चरु—खीर)-का प्राशन कराये—

ॐ प्राणैस्ते प्राणान् सन्दधामि।

ॐ अस्थिभिस्तेऽअस्थीनि सन्दधामि।

ॐ माꣳसैर्माꣳसानि सन्दधामि।

ॐ त्वचा ते त्वचं सन्दधामि।

हृदयस्पर्श—

इसके बाद वधूके हृदयका स्पर्शकर वर निम्न मन्त्र पढ़े—

ॐ यत्ते सुसीमे हृदयं दिवि चन्द्रमसि श्रितम्।

वेदाहं तन्मां तद्विद्यात् पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतꣳ शृणुयाम शरदः शतम्॥

कंकणमोक्षण—

इसके बाद वर निम्न मन्त्रसे वधूके हाथमें बँधे कंकणको खोलकर माताको दे दे—

कङ्कणं मोचयाम्यद्य रक्षोघ्नं रक्षणं मम।
मयि रक्षां स्थिरां कृत्वा स्वस्थानं गच्छ कङ्कण॥

ग्रन्थिविमोक—

इसके बाद वर वधूके बँधे हुए ग्रन्थि (गाँठ)-को खोल दे।

त्र्यायुष्करण—

स्रुवासे भस्म लेकर दाहिने हाथकी अनामिकासे निम्न मन्त्रोंसे भस्म लगाये—

ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेः—ललाटमें भस्म लगाये।

ॐ कश्यपस्य त्र्यायुषम्—ग्रीवामें भस्म लगाये।

ॐ यद्देवेषु त्र्यायुषम्—दक्षिण कन्धेपर भस्म लगाये।

ॐ तन्नोऽस्तु त्र्यायुषम्—हृदयमें भस्म लगाये।

दक्षिणादान—

निम्न संकल्पका उच्चारणकर आचार्यको दक्षिणा प्रदान करे—

ॐ अद्य कृतैतच्चतुर्थीकर्मसाङ्गतासिद्ध्यर्थं गोनिष्क्रयभूतां दक्षिणां ......गोत्राय ......शर्मणे आचार्याय तुभ्यमहं सम्प्रददे।

ब्राह्मणभोजनका संकल्प—

निम्न संकल्पवाक्य बोलकर ब्राह्मणभोजन करानेका संकल्प करे—

ॐ अद्य कृतस्य चतुर्थीकर्मणः साङ्गतासिद्ध्यर्थं यथा-संख्याकान् ब्राह्मणान् भोजयिष्ये।

भूयसी दक्षिणा—

ॐ अद्य कृतैतच्चतुर्थीकर्मसाङ्गतासिद्ध्यर्थं न्यूनाऽतिरिक्तदोष-परिहारार्थं भूयसीं दक्षिणां विभज्य नानानामगोत्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो सम्प्रददे।

विष्णुस्मरण—

तदनन्तर निम्न मन्त्रको पढ़ते हुए भगवान् विष्णुका स्मरण करे और समस्त कर्म उन्हें निवेदित करे—

प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्।
स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः॥
यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञक्रियादिषु।
न्यूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम्॥
ॐ विष्णवे नमः, ॐ विष्णवे नमः, ॐ विष्णवे नमः॥

॥ चतुर्थीकर्म पूर्ण हुआ॥

ग्रहपूजादानसङ्कल्प

सूर्यपूजादानसङ्कल्प—

वर हाथमें जलाक्षत तथा सूर्यपूजादानकी वस्तुएँ[1] लेकर सूर्यजनितदोषकी निवृत्तिके लिये निम्न संकल्प करे—

मम अद्य करिष्यमाणविवाहसंस्कारकर्मणि जन्मराशेः सकाशान्नामराशेः सकाशाद्वा अमुकानिष्टस्थानस्थितश्रीसूर्यजनितदोषपरिहारपूर्वकशुभफलप्राप्त्यर्थमायुरारोग्यार्थं श्रीसूर्यनारायणप्रीत्यर्थं च इमानि यथाशक्ति दानोपकरणानि ....गोत्राय ....शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे।

—ऐसा संकल्पकर संकल्पजल तथा दानकी वस्तुएँ ब्राह्मणके हाथ में दे दे।

ब्राह्मण बोले—'**ॐ स्वस्ति।**'

दानकी प्रतिष्ठाके लिये जलाक्षत तथा दक्षिणा लेकर पुनः निम्न संकल्प करे—

अद्य कृतैतत् श्रीसूर्यदानप्रतिष्ठासिद्ध्यर्थमिदं द्रव्यं रजतं चन्द्रदैवतं ....गोत्राय ....शर्मणे ब्राह्मणाय दातुमहमुत्सृज्ये।

—ऐसा बोलकर दक्षिणा ब्राह्मणको दे दे।

ब्राह्मण बोले—'**ॐ स्वस्ति।**'

गुरुपूजादानसङ्कल्प—

कन्यादाता पिता हाथमें जलाक्षत तथा गुरुपूजादानकी वस्तुएँ[2]

---

१. **सूर्यपूजादानसामग्री**—लालवस्त्र, गुड़, सुवर्ण, ताम्रकलश, माणिक्य (लाल रत्न), गेहूँ, रक्तपुष्प, रक्तचन्दन, मसूरकी दाल, धेनुका मूल्य तथा दानप्रतिष्ठाहेतु द्रव्य। कौसुम्भवस्त्रं गुडहेमताम्रं माणिक्यगोधूमसुवर्णपद्मम्। सवत्सगोदानमितिप्रणीतं दुष्टाय सूर्याय मसूरिका च॥ (संस्कारभास्कर)

२. **गुरुपूजादानसामग्री**—अश्वका मूल्य, सुवर्ण, मधु, पीतवस्त्र, चनेकी दाल, सैंधवनमक, पीतपुष्प, मिश्री, हलदी तथा दानप्रतिष्ठाहेतु द्रव्य।

अश्वं सुवर्णं मधुपीतवस्त्रं सपीतधान्यं लवणं सपुष्पम्। सशर्करं तद्रजनीप्रयुक्तं दुष्टोपशान्त्यै गुरवे प्रणीतम्॥ (संस्कारभास्कर)

लेकर गुरुजनितदोषकी निवृत्तिके लिये निम्न संकल्प करे—

मम अस्याः कन्यायाः करिष्यमाणविवाहसंस्कारकर्मणि जन्मराशेः सकाशान्नामराशेः सकाशाद्वा अमुकानिष्टस्थानस्थित-श्रीगुरुजनितदोषनिवृत्तिपूर्वकशुभफलप्राप्त्यर्थं सौभाग्यायुरारोग्यार्थं श्रीगुरुप्रीत्यर्थमिदं यथाशक्ति दानोपकरणं ....गोत्राय ....शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे।

—ऐसा संकल्पकर संकल्पजल तथा दानकी वस्तुएँ ब्राह्मणके हाथ में दे दे।

ब्राह्मण बोले—'**ॐ स्वस्ति।**'

दानकी प्रतिष्ठाके लिये जलाक्षत तथा दक्षिणा लेकर पुनः निम्न संकल्प करे—

अद्य कृतैतत् श्रीगुरुदानप्रतिष्ठासिद्ध्यर्थमिदं द्रव्यं रजतं चन्द्रदैवतं ....गोत्राय ....शर्मणे ब्राह्मणाय दातुमहमुत्सृज्ये।

—ऐसा बोलकर दक्षिणा ब्राह्मणको दे दे।

ब्राह्मण बोले—'**ॐ स्वस्ति।**'

चन्द्रपूजादानसङ्कल्प—

कन्यादाता पिता और वर हाथमें जलाक्षत तथा चन्द्रपूजादानकी वस्तुएँ* लेकर चन्द्रजनितदोषकी निवृत्तिके लिये निम्न संकल्प करे—

मम अस्याः कन्यायाः (वर करे तो **मम** बोले) **करिष्यमाण-विवाहकर्मणि जन्मराशेः सकाशाच्चतुर्थाद्यनिष्टस्थानस्थितचन्द्रेण सूचितं सूचयिष्यमाणं च यत्सर्वारिष्टं तद्विनाशार्थं सर्वदा तृतीयैकादशशुभस्थानस्थितवदुत्तमफलप्राप्त्यर्थमायुरारोग्यार्थं**

---

* **चन्द्रपूजादानसामग्री—**सफेद वस्त्र, शंख, मोती, सुवर्ण, चाँदीकी मूर्ति, दधि, घृतकलश, चावल तथा दानप्रतिष्ठाहेतु द्रव्य। घृतकलशं सितवस्त्रं दधिशङ्खं मौक्तिकं सुवर्णं च। रजतं च प्रदद्याच्चन्द्रारिष्टोपशान्तये त्वरितम्॥ (संस्कारभास्कर)

श्रीचन्द्रदेवप्रीत्यर्थमिदं यथाशक्ति दानोपकरणं ....गोत्राय ....शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे।

—ऐसा संकल्पकर संकल्पजल तथा दानकी वस्तुएँ ब्राह्मणके हाथ में दे दे।

ब्राह्मण बोले—'**ॐ स्वस्ति।**'

दानकी प्रतिष्ठाके लिये जलाक्षत तथा दक्षिणा लेकर पुनः निम्न संकल्प करे—

अद्य कृतैतत् श्रीचन्द्रदानप्रतिष्ठासिद्ध्यर्थमिदं द्रव्यं रजतं चन्द्रदैवतं ....गोत्राय ....शर्मणे ब्राह्मणाय दातुमहमुत्सृज्ये।

—ऐसा बोलकर दक्षिणा ब्राह्मणको दे दे।

ब्राह्मण बोले—'**ॐ स्वस्ति।**'

भाषाशाखोच्चार

प्रथम शाखोच्चार

श्रीगणनायक सुमर कर मन में बारंबार।
सीता राम विवाह का वरणूं शाखोच्चार॥ १ ॥
पुरा जनक मिथिलेश ने यह प्रण किया कठोर।
सीता वरणूं मैं उसे जो शिव धनु दे तोर॥ २ ॥
यह प्रण कर भूपाल ने रचा स्वयंवर फेर।
भूपों को न्यौता दिया तनिक करी ना देर॥ ३ ॥
विश्वामित्र के साथ फिर आये श्रीरघुनाथ।
जिनके लक्ष्मणलालजी अनुजभ्रात थे साथ॥ ४ ॥
और भी आये बहुत से मिलकर भूप अनेक।
खातिर कीनी जनक ने कमी रखी ना नेक॥ ५ ॥
क्षत्री धनुष उठावते मिलकर बारंबार।
पर वह हिलता तक नहीं गये भूप सब हार॥ ६ ॥
देख नृपों की यह दशा क्रुद्ध भए मिथिलेश।
बोले जाना क्षत्री अब रहे न भूपर शेष॥ ७ ॥
प्रण करता मैं ना कभी जो यह लेता जान।
भू पर भूप रहा नहीं कोई भी बलवान्॥ ८ ॥
रामचन्द्र उठे तभी सुन यह वचन कठोर।
उठा धनुष टंकोर कर भू पर गेरा तोर॥ ९ ॥
धनु के टूटत ही भई तहँ पर जय जयकार।
तभी सिया ने राम के जयमाला दी डार॥ १० ॥
दशरथ नृप को फिर तभी नौता दिया भिजाय।
पुनः सजाकर जान को वे भी पहुँचे आय॥ ११ ॥

पुर में पहुँची जब सुनी शुभ बरात भूपाल।
खातिर कीनी बहुत-सी सभी हुए खुशहाल॥ १२॥
घोड़े पर चढ़ कर चले दूल्हा बन रघुनाथ।
पीछे जान सुहावनी चारों भाई साथ॥ १३॥
बहुविधि बाजा बज रहे भेरी ढोल मृदंग।
नृत्य करत तहँ अप्सरा सब के चित्त उमंग॥ १४॥
तोरण चटकी राम ने किया आरता फेर।
विप्रों को दी दक्षिणा कीनी बहुत बखेर॥ १५॥
शतानन्द आये तभी वेदी रची अनूप।
नारी मंगल गावतीं बैठे सजकर भूप॥ १६॥
मण्डप रत्नों से जड़ा सुन्दर बन्दनवार।
कनक कलश पूरित धरे महिमा बड़ी अपार॥ १७॥
विप्र वेद तहं पढ़त हैं शुद्ध ध्यान के साथ।
विष्टर आदिक दे रहे जनक राम के हाथ॥ १८॥
कियो फेर मिथिलेश ने सादर कन्या दान।
लियो राम हर्षाय के सुनियो चतुर सुजान॥ १९॥
दान घनेरा फिर दिया धेनू रत्न अपार।
विप्रों को दी दक्षिणा कीनी जय जयकार॥ २०॥
हुआ राम का जिस तरह मिथिला मांहि विवाह।
उसी तरह होवे यहाँ सब के मन उत्साह॥ २१॥
विश्वम्भर को सुमिर कर कीना शाखोच्चार।
भूल चूक कवियो मेरी लेना आप सुधार॥ २२॥

॥ नारनौलनिवासी हरनारायणकृत भाषाशाखोच्चार॥

****

द्वितीय शाखोच्चार

गजमुख प्रथम मनाय कै गुरुपद पंकज ध्याय।
सकल सभा चित दे सुनो भाषा रची बनाय॥ १ ॥
रामचन्द्र सीतापति, राधा नंदकुँवार।
सावित्री ब्रह्मापति, रच्यो सकल संसार॥ २ ॥
कौसल्या दशरथपती, इन्द्राणी इन्द्राज।
ईश्वर परणी गौरज्या, दमयन्ती नलराज॥ ३ ॥
वसिष्ठ ब्याहि अरुंधती, अर्जुन द्रौपदि साथ।
चन्द्रभार्या रोहिणी, ऋद्धि-सिद्धि गणनाथ॥ ४ ॥
शम्भू पारवतीपति, लक्ष्मीपति भगवान्।
जिन ध्याये आनंदघणा, सुमिरो सबइ सुजान॥ ५ ॥
नांव जो इतना पत्नी को, सुन्दर पुरुष सुजान।
सुन्दर देखत सकल मिल, अपने अपने स्थान॥ ६ ॥
गावत मंगलचार मिल, ध्यावत श्रीगोपाल।
जिन ध्याये सुख पाइये, वर कन्या रिछपाल॥ ७ ॥
पीछे वरणूँ विवाह को, रुक्मण भये आनन्द।
आये कृष्ण बरात ले बाजैं भेरिमृदंग॥ ८ ॥
घुरत नगारा ढोल सब, मधुर गीत औ चंग।
रंग ढोल अति शब्द से, बजे शंख उपशंख॥ ९ ॥
गजमाथे श्रीरजत की, नोशत अंबर झूल।
अंबाडी मोतियन जड़ी रही फूल सी फूल॥ १० ॥
तापै दुलहौ अति सुघड़, पहने उज्ज्वल चीर।
शीश मुकुट हीरे जड़े, भले बने यदुवीर॥ ११ ॥

सज्जन के द्वारे खड़े, मोतियन चौक पुराय।
कियो आरती शुभ घड़ी तोरण लियो छुवाय॥ १२॥
सिंहासन बैठे साँवरे, राधा नन्दकुँवार।
मानो उगतो शरद चन्द, सोलह कला सँवार॥ १३॥
गणपति की पूजा करी, ब्रह्मा वेद पढ़न्त।
कीन्हीं आज्ञा निजन कूं, ज्ञानवन्त धनवन्त॥ १४॥
तिलक जो कियो ललाट पर अक्षत धरे बनाय।
दयी दक्षिणा द्विजन कूं लयी सबी मन भाय॥ १५॥
दे अशीश ब्राह्मण चले, सुखी रहो यजमान।
इहँ बिधि कन्यादान दे, भोत कियो सनमान॥ १६॥
करी कृपा हरनाथजी जादू रची बनाय।
या जोड़ी अविचल सदा, दुलहिन दूलोराय॥ १७॥
इतीक मेरी उक्ति है, शाखा कही बनाय।
व्रजनँद सुत की बीनती, सुन लीज्यो रघुराय॥ १८॥

****

तृतीय शाखोच्चार

गणपति गौरीपुत्र को, सुमिरूँ बारंबार।
देवी विष्णू शम्भु को, सुमिरूँ सृष्टिकर्तार॥ १ ॥
पाँच देव को ध्याय के, शाखा कहूँ बनाय।
राधाकृष्ण के ब्याह की, सुनियो चित्त लगाय॥ २ ॥
जो सुनके सुख होयगो, सबही के मनमाहिं।
दुःख मिटै संकट कटै, सकल पाप मिटि जाँहि॥ ३ ॥
एक समय वृषभानुजा, मन में बहुत बिचारि।
वर ढूँढ़न नापित कही, ढूँढ़ै कृष्ण मुरारि॥ ४ ॥

समय देख के ब्याह का, शुभ दिन वार विचार।
लग्न लिखायो शुभ घड़ी, कीन्हो मंगलचार॥ ५ ॥
लग्न लेय नापित चल्यो, घर दीन्यो वसुदेव।
झोरी डार्‌यो कृष्ण की सबही कीन्हो नेव॥ ६ ॥
ब्याह दिवस आयो जभी सजकर चली बरात।
हस्ती घोड़े रथ सजे, मारग नहीं समात॥ ७ ॥
नर नारी देखैं सभी मन में हर्ष उठाय।
सो छवि कृष्णबरात की, हमसैं कही न जाय॥ ८ ॥
गिरिधारी चौरी चढ़े, पण्डित लिये बुलाय।
बहुत भाँति बेदी रची मन्त्र पढ़ै चितलाय॥ ९ ॥
दुलहन रानी राधिका, वर भये नन्दकुमार।
नारि देवैं सीठने, हो रहे मंगलचार॥ १० ॥
नारि कहै इक कृष्ण से, अति अचरज की बात।
कैसे बारी उमर में, गिरी उठायो हाथ॥ ११ ॥
छन्द कहावें कामिनी, वारि वारि दें दान।
कृष्णचन्द्र मुख से कहैं, नारि करें सनमान॥ १२ ॥
श्रीराधा परणाय के, विनय करी वृषभान।
नन्दराय तुम हो बड़े मोहिं दास कर मान॥ १३ ॥
ऐसे बिनती करि घनी, दीन्हे दान अघाय।
हस्ती घोड़े रथ सभी, दीन्हें बहुत सजाय॥ १४ ॥
बहुत दास दासी दिये, गहिने वस्त्र सजाय।
विरषभान के दान की, गिनती कही न जाय॥ १५ ॥
होय बिदा घर को चले, बड़े खुशी नँदराय।
सब सुन्दर बाजे बजे ध्वजा फरकती जाय॥ १६ ॥

शाखा कृष्ण के ब्याह की, सुने जु चित्त लगाय।
दुब्ध्या मन की बीसरे, सकल काम हो जाय॥ १७॥
इतीक मेरी उक्ति है, शाखा कही बनाय।
चिरंजीव यह वरवधू, सुनो गोत्र चितलाय॥ १८॥

****

चतुर्थ शाखोच्चार

जलज सुवन सुतरिपुजनक, ता सुत को चित धार।
अज सुत सुत के विवाह को, वरणो शाखोच्चार॥ १ ॥
अवधपुरी अति पावनी, सरयू गंगा तीर।
भक्तन के सुख देन कूँ, प्रगटे श्रीरघुबीर॥ २ ॥
विश्वामित्र महामुनी, जाचे कौसलराज।
रघुवर लक्ष्मण संग लिये, यज्ञ सुधारण काज॥ ३ ॥
रचो स्वयम्बर जनकजी, करन धनुष को भंग।
कौशिक मिथिलापुर गये, दोनों भाई संग॥ ४ ॥
खबर भई तब जनक को, आये विश्वामित्र।
बहु प्रकार सनमान करि, आसन दिये विचित्र॥ ५ ॥
बोले बन्दीजन तभी, सुनो भूप दे कान।
सो सीता को परणसी, जो तोड़े धनुबान॥ ६ ॥
तमक उठे तब मूढ़ जन, कुल के देव मनाय।
धनुष टरो नहीं धरणि से, बैठे तेज गमाय॥ ७ ॥
जनक वचन तीखे कहे, लक्ष्मण कीनो कोप।
भरी सभा के बीच में, प्रण कीनो पग रोप॥ ८ ॥
गुरु की आज्ञा पाय के, तब उठे रघुबीर।
धनुष तोड़ टुकड़ा किया, सूर्यवंश रणधीर॥ ९ ॥

जनक सुता हरषित भई, पुष्पमाल लेइ हाथ।
गल डाली रघुनाथ के सब सखियों के साथ॥ १० ॥
परशुराम आये तभी, मन में क्रोध अपार।
विनय करी अवतार लखि, धनुष बाण दिये डार॥ ११ ॥
खबर करी अवधेश को, आये जान बनाय।
नाना वाहन पालकी, शोभा कही न जाय॥ १२ ॥
सामेले जब आईया, जनक सहित परिवार।
तोरण बेग छवाईयां, कामण गावे नार॥ १३ ॥
गणपति की पूजा करी, मोतियन चौक पुराय।
वस्त्र ग्रंथी बन्धन कियो, सीता को बुलवाय॥ १४ ॥
हथलेवो जोड़ो जब, सुर मुनी वेद पढंत।
ब्रह्मादिक अरु वसिष्ठजी, विधि से हवन करन्त॥ १५ ॥
कुलगुरु शाखा पढ़ रहे, हो रही जय जयकार।
चारूं भाई परणीया, जनक राय के द्वार॥ १६ ॥
हथलेवो छुट्यो जब, दीने रतन अपार।
सीताजी के दान को, को कवि वरणे पार॥ १७ ॥
दशरथ अति हर्षित भये, अवधपुरी में आय।
माता कीनो आरतो, सुवरण थाल सजाय॥ १८ ॥
शहर राजगढ़ गौड़ द्विज, कौशिक गोत्र सुखखान।
रूलीराम की बीनती, सुनयों कृपानिधान॥ १९ ॥

॥ रूलीरामकृत शाखोच्चार ॥

****

वंशगोत्रोच्चारण *

कन्यापक्षका पुरोहित पढ़े—

श्रीमन्त यशवन्त पुण्यं पवित्रं यजमानसा।
रामप्रतापजी **परपौत्रीं** वांसलस्य **गोत्रीम्॥ १॥**
श्रीमन्त यशवन्त पुण्यं पवित्रं यजमानसा।
द्वारकाप्रसादजी परपौत्रीं वांसलस्य गोत्रीम्॥ २॥
श्रीमन्त यशवन्त पुण्यं पवित्रं यजमानसा।
चेतरामजी परपौत्रीं वांसलस्य गोत्रीम्॥ ३॥
रामचन्द्रजी पौत्रीं सीतारामजी पुत्री।
वरकन्या चिरंजीव जोड़ी अमर॥ ४॥

वरपक्षका पुरोहित पढ़े—

साहनपति श्री साहजी, साहन के शिर छत्र।
सांवलरामजी **परपौत्र हैं,** गर्ग **है जिनका गोत्र॥**
साहनपति श्री साहजी, साहन के शिर छत्र।
श्रीकिसनजी परपौत्र हैं, गर्ग है जिनका गोत्र॥
साहनपति श्रीसाहजी, साहन के शिर छत्र।
मथुरादासजी परपौत्र हैं, गर्ग है जिनका गोत्र॥
गोविन्दप्रसादजी पौत्र जगदीशप्रसादजी पुत्र।
वरकन्या चिरंजीव जोड़ी अमर॥

---

* वंशगोत्रोच्चारणमें नाम तथा गोत्र कल्पित दिये गये हैं, उच्चारणके समय इनमें यथोचित परिवर्तन कर लेना चाहिये।

[१५] (क) विवाहाग्निपरिग्रहसंस्कार

विवाह-संस्कारमें लाजाहोम आदिकी क्रियाएँ जिस अग्निमें सम्पन्न की जाती हैं, वह अग्नि आवसथ्याग्नि, गृह्याग्नि, स्मार्ताग्नि, वैवाहिकाग्नि तथा औपासनाग्नि नामसे कही जाती है। विवाहके अनन्तर जब वर-वधू अपने घर आने लगते हैं, तब उस स्थापित अग्निको घर लाकर यथाविधि स्थापित करके उसमें प्रतिदिन अपनी कुलपरम्परानुसार सायं-प्रातः हवन करनेका विधान है। गृहस्थके लिये दो प्रकारके शास्त्रीय कर्मोंको करनेकी विधि है—१-श्रौतकर्म, २-स्मार्तकर्म। पंचमहायज्ञ आदि पाकयज्ञ-सम्बन्धी* जो कर्म हैं, वे स्मार्तकर्म हैं, इनके लिये जो पाक (भोजन) आदिका निर्माण होता है, वह इसी स्थापित अग्निमें सम्पादित होता है। गृहस्थके लिये नित्य होमकी विधि है, वह भी इसी अग्निमें होता है। यह अग्नि कभी बुझनी नहीं चाहिये। अतः इसकी प्रयत्नपूर्वक रक्षा की जाती है। मनुस्मृतिमें बताया गया है कि गृहाश्रमीको चाहिये कि वह विवाहके समय लायी गयी तथा घरमें प्रतिष्ठित अग्निमें विधिपूर्वक गृहस्थकर्म (प्रातः-सायं हवन आदि कर्म), पंचमहायज्ञ, बलिवैश्वदेव और प्रतिदिनकी रसोई करे—

वैवाहिकेऽग्नौ कुर्वीत गृह्यं कर्म यथाविधि।
पञ्चयज्ञविधानं च पक्तिं चान्वाहिकीं गृही॥
वैश्वदेवस्य सिद्धस्य गृह्येऽग्नौ विधिपूर्वकम्।
आभ्यः कुर्याद् देवताभ्यो ब्राह्मणो होममन्वहम्॥

(मनुस्मृति ३। ६७, ८४)

---

* अष्टकाश्राद्ध, पार्वणश्राद्ध, श्रावणी-उपाकर्म, आग्रहायणी, चैत्री, आश्वयुजी एवं औपासनहोम—ये सात कर्म सात पाकयज्ञसंस्थाएँ कहलाती हैं। पारस्करगृह्यसूत्रमें इनके अनुष्ठानकी विधि विस्तारसे निरूपित है।

इसी बातको याज्ञवल्क्यस्मृति (आचा० ९७)-में इस प्रकार बताया गया है—

'कर्म स्मार्तं विवाहाग्नौ कुर्वीत प्रत्यहं गृही'

****

(ख) त्रेताग्निसंग्रहसंस्कार

विवाहाग्निसंस्कारमें बताया गया है कि गृहस्थको श्रौत तथा स्मार्त दो कर्मोंका सम्पादन करना पड़ता है। स्मार्तकर्मोंका सम्पादन विवाहाग्निमें सम्पादित होता है और श्रौतकर्मोंका सम्पादन त्रेताग्निमें होता है—

स्मार्तं वैवाहिके वह्नौ श्रौतं वैतानिकाग्निषु।

(व्यासस्मृति २। १६)

विवाहाग्नि (गृह्याग्नि)-के अतिरिक्त तीन अग्नियाँ और होती हैं, जो दक्षिणाग्नि, गार्हपत्य तथा आहवनीय नामसे कही जाती हैं, इन तीनों अग्नियोंका जो सामूहिक नाम है, उसे त्रेताग्नि, श्रौताग्नि अथवा वैतानाग्नि कहा जाता है। गृहस्थके लिये यह विधि है कि वह सभी श्रौत कर्मोंको त्रेताग्निमें सम्पादित करे, विवाहाग्निमें नहीं। इन तीन अग्नियोंकी स्थापना, उनकी प्रतिष्ठा, रक्षा तथा उनका हवनकर्म त्रेताग्निसंग्रहसंस्कार कहलाता है। प्राचीन भारतीय सनातन-परम्परामें यज्ञोंका सम्पादन मुख्य रूपसे होता रहा है। वैदिक यज्ञोंके अनेक भेद वहाँ बताये गये हैं, किंतु मुख्य रूपसे इनका समाहार तीन प्रकारकी यज्ञसंस्थाओं—१-पाकयज्ञसंस्था, २-हविर्यज्ञसंस्था, ३-सोमयज्ञसंस्थाके अन्तर्गत हो जाता है। एक-एक संस्थामें पुनः सात-सात यज्ञ सम्मिलित हैं। पाकयज्ञसम्बन्धी यज्ञों (१-अष्टकाश्राद्ध, २-पार्वणश्राद्ध, ३-श्रावणी-उपाकर्म, ४-आग्रहायणी, ५-चैत्री, ६-आश्वयुजी, ७-

औपासनहोम)-का अनुष्ठान विवाहाग्निमें होता है और हविर्यज्ञ तथा सोमयज्ञसंस्थाके कर्म त्रेताग्निमें सम्पन्न होते हैं। हविर्यज्ञसंस्थाके जो सात प्रधान यज्ञ हैं, वे इस प्रकार हैं—१-अग्न्याधेय (अग्निहोत्र), २-दर्शपौर्णमास, ३-आग्रहायण, ४-चातुर्मास्य, ५-निरूढपशुबन्ध, ६-सौत्रामणियाग तथा ७-पिण्डपितृयज्ञ। सोमयज्ञसंस्थाके मुख्य सात भेदोंके नाम इस प्रकार हैं—१-अग्निष्टोम, २-अत्यग्निष्टोम, ३-उक्थ्य, ४-षोडशी, ५-वाजपेय, ६-अतिरात्र और ७-आप्तोर्याम।

इन प्रधान यज्ञोंके भी अनेक भेदोपभेद हैं, जिनका गृह्यसूत्र तथा ब्राह्मणग्रन्थोंमें वर्णन प्राप्त होता है। इन सब यज्ञादिकोंको अपनी धर्मपत्नीके साथ सम्पादित करनेकी विधि है।

विशेष—

वर्तमानमें विवाहाग्निपरिग्रह तथा त्रेताग्निसंग्रह—ये दोनों संस्कार प्रायः लुप्त हो गये हैं।

अन्त्येष्टिसंस्कार

अन्त्येष्टिसंस्कारका सामान्य परिचय

जीवकी सद्गतिके उद्देश्यसे मरणासन्न-अवस्थामें किया जानेवाला दानादि कृत्य तथा मृत्युके तत्काल बादका दाहादि कर्म और षट्पिण्डदान—अन्त्येष्टि संस्कार कहलाता है। अन्त्येष्टि शब्द अन्त्य और इष्टि—इन दो पदोंके योगसे बना है। अन्त्यका अर्थ है अन्तिम और इष्टिका सामान्य अर्थ है यज्ञ। सामान्य रूपसे मृत्युके अनन्तर किया जानेवाला संस्कार अन्त्येष्टिसंस्कार कहलाता है। पहला संस्कार है—आधान अर्थात् गर्भाधान और अन्तिम संस्कार है—अन्त्येष्टि। इसीको अन्त्यकर्म, और्ध्वदैहिक संस्कार, पितृमेध तथा पिण्डपितृयज्ञ भी कहा गया है। मनुस्मृतिने '**निषेकादिश्मशानान्तो०**' (२।१६) इस वचनमें आदिम संस्कार निषेक (गर्भाधान) तथा अन्तिम संस्कार श्मशान (अन्त्येष्टि) बताया है। महर्षि याज्ञवल्क्यजीने भी यही बात कही है कि द्विजोंके गर्भाधानसे लेकर श्मशानतकके संस्कार मन्त्रपूर्वक करने चाहिये—'**ब्रह्मक्षत्रियविट्शूद्रा वर्णास्त्वाद्यास्त्रयो द्विजाः। निषेकाद्याः श्मशानान्तास्तेषां वै मन्त्रतः क्रियाः॥**' (१।२।१०) यह संस्कार भी शरीरके माध्यमसे ही होता है। संस्कृत अग्निसे शरीरके दाहसे उसके आत्माकी परलोकमें सद्गति होती है।

अन्त्येष्टि संस्कार मुख्यतः दो रूपोंमें सम्पन्न होता है। पहला पक्ष मरणासन्न-अवस्थाका है और दूसरा पक्ष मृत्युके अनन्तर अस्थिसंचयनतक किया जानेवाला कर्म है। जन्मकी समाप्ति मरणमें होती है, इसीलिये मृतकका संस्कार यथाविधि अवश्यकरणीय है।

मरणासन्नावस्थाके दान—

जीवनके अन्तिम कालमें गोदान, सुवर्णदान, भूमिदान, तिलदान आदिका विशेष महत्त्व है। मरणासन्न व्यक्तिके हाथसे ये दान सम्पन्न

कराने चाहिये, यदि यह सम्भव न हो तो उत्तराधिकारी या प्रतिनिधि इस कार्यको सम्पन्न कर सकते हैं। महाभारतमें बताया गया है कि ये दस दानादि पापी मनुष्यको भी तार देते हैं—'**हिरण्यदानं गोदानं पृथिवीदानमेव च। एतानि वै पवित्राणि तारयन्त्यपि दुष्कृतम्॥**' (महा० अनु० ५९।५)। गरुडपुराणने बताया है कि ये दान परलोकमें जीवको सुख पहुँचाते हैं—'**महादानेषु दत्तेषु गतस्तत्र सुखी भवेत्।**' (ग०पु० प्रेतखण्ड १९।३)। प्रत्येक दान अत्यन्त पवित्र करनेवाला है—'**एकैकं पावनं स्मृतम्**' (ग०पु० प्रेतखण्ड ४।३९)। ये दान गयाश्राद्धसे भी बढ़कर माने गये हैं। यदि ये दान नहीं दिये गये तो प्राणीको बहुत कष्टसे यममार्गमें यात्रा करनी पड़ती है—'**और्ध्वदैहिकदानादि यैर्न दत्तानि काश्यप। महाकष्टेन ते यान्ति तस्माद् देयानि शक्तितः॥**' (ग०पु०, प्रेतखण्ड १९।१३)

पंचधेनुदान—

शास्त्रोंमें मरणासन्न व्यक्तिके द्वारा अन्तिम समयमें गोदान करने तथा पंचधेनुदान करनेका विशेष महत्त्व है। पाँच गौओंके नाम इस प्रकार हैं—

(१) ऋणापनोदधेनु—देव-ऋण, पितृ-ऋण तथा मनुष्य-ऋण एवं अन्य ऋणोंसे उऋण होनेके लिये ऋणापनोदधेनुका दान किया जाता है।

(२) पापापनोदधेनु—ज्ञात-अज्ञात पापोंसे छुटकारा पानेके लिये पापापनोदधेनुका दान किया जाता है।

(३) उत्क्रान्तिधेनु—अन्तिम समयमें प्राणोत्सर्गमें अत्यधिक कष्टकी अनुभूति होती है, सुखपूर्वक प्राण निकले, इसके लिये उत्क्रान्तिधेनुका दान होता है।

(४) वैतरणीधेनु—यममार्गमें स्थित घोर वैतरणी नदीको बिना

कष्टके पार करनेके लिये वैतरणीधेनुका दान दिया जाता है।

(५) मोक्षधेनु—मोक्षप्राप्तिके लिये मोक्षधेनुका दान किया जाता है।

वैतरणी नदी—

गरुडपुराणादि शास्त्रोंमें वर्णन आया है कि जीव मृत्युके अनन्तर यातनामय देह प्राप्तकर यमदूतोंद्वारा यमलोकमें ले जाया जाता है। यमलोकका मार्ग अति भयावह तथा कष्टकर है। पापी जीव बड़े कष्टसे वहाँ जाता है। वह हा पुत्र! हा पौत्र!—इस प्रकार पुत्र-पौत्रोंको पुकारते हुए, हाय-हाय इस प्रकार विलाप करते हुए पश्चात्तापकी ज्वालासे जलता रहता है। उस समय वह विचार करता है कि महान् पुण्यके सम्बन्धसे मनुष्यजन्म प्राप्त होता है, उसे पाकर मैंने धर्माचरण नहीं किया, दान नहीं दिया, तपस्या नहीं की, भगवान्का भजन नहीं किया, उसीका फल आज मुझे मिल रहा है, जीवकी आत्मा उससे कहती है—हे जीव! तुमने जीवनमें सत्पुरुषोंकी सेवा नहीं की, कभी दूसरेका उपकार नहीं किया, गौओं और ब्राह्मणोंकी सेवा नहीं की, वेदों और शास्त्रोंके वचनोंको प्रमाण नहीं माना, मनमाना आचरण किया, इसलिये तुमने जो दुष्कर्म किया, उसीका फल अब भोगो। इस प्रकार अत्यन्त दुखी हुए जीवको आगे यममार्गमें घोर वैतरणी नदी मिलती है। वह देखनेपर ही अत्यन्त दुःखदायिनी तथा भय उत्पन्न करनेवाली है, वह सौ योजन चौड़ी है। पीब, मवाद तथा मांस एवं रक्तसे भरी है। उसके तटपर हड्डियोंका ढेर लगा रहता है, उसमें भयंकर हिंसक जीव-जन्तु रहते हैं। वज्रके समान तीक्ष्ण चोंचवाले बड़े-बड़े गीधों एवं कौओंसे वह घिरी रहती है। उसके प्रवाहमें गिरे हुए पापी रोते-चिल्लाते रहते हैं, पर उस समय उनकी सहायता करनेवाला कोई नहीं रहता है।

शास्त्रोंने यह विधान किया है कि यदि प्राणी वैतरणी गौका दान

कर लेता है तो वह गौ उसे वहाँ मिलती है और जीव उसकी पूँछ पकड़कर आसानीसे भयंकर वैतरणी नदीको पार कर लेता है। वैतरणी गोदानमें गोमातासे इसी प्रकारकी प्रार्थना की गयी है कि हे गोमाता! यमद्वारके महापथमें वैतरणी नदीको पार करनेके लिये आप वहाँपर मुझे मिलना, आपको नमस्कार है—

धेनुके मां प्रतीक्षस्व यमद्वारमहापथे।
उत्तारणार्थं देवेशि वैतरण्यै नमोऽस्तु ते॥

वैतरणीधेनुदान—

वैतरणीधेनुदानकी विशेष प्रक्रिया है।*

वैतरणी नदीका निर्माण—

वैतरणी गोदानमें वैतरणी नदी बनाकर गौकी पूँछ पकड़कर उसे पार किया जाता है। उसके लिये किसी शुद्ध पवित्र स्थानपर लम्बा गड्ढा खोदकर अथवा मिट्टीकी बाड़ बनाकर उसमें पानी भरकर वैतरणी नदीका आकार बनाना चाहिये। इक्षुदण्ड (गन्ने)-के टुकड़े काटकर एक नाव बनानी चाहिये और उसमें हेममय यज्ञपुरुष, कपास तथा लौहदण्ड रखना चाहिये। नदी पश्चिमसे पूर्वकी ओर बहनेवाली होनी चाहिये और पार करनेवाला उत्तरसे दक्षिणकी ओर जाय। आगे गाय होनी चाहिये। उसकी पूँछमें कलावा (मौली)-से नाव बँधी होनी चाहिये और पूजित गायकी पूँछ तथा नावको पकड़े हुए पार करनेवालेको उसके पीछे होना चाहिये। गौको उस नदीको पार कराये और उसके सहारे स्वयं भी पार हो जाय। बादमें गौ ब्राह्मणको दानमें दे दे।

इस प्रकार मरणासन्नावस्थाके दानादि कृत्य करनेके अनन्तर दाहकर्ता क्षौर एवं स्नान करके शवका संस्कार करे और अर्थी बनवा

* वैतरणी गोदानकी विधि गीताप्रेससे प्रकाशित अन्त्यकर्मश्राद्धप्रकाश में दी गयी है।